प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

रामनगर केलाखेड़ा में किसान चौपाल आयोजित

पंतनगर। 01 जुलाई 2022। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल के अन्तर्गत ग्राम रामनगर, केलाखेड़ा में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस किसान चौपाल का उद्घाटन परियोजना अधिकारी, अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना– फ्रिजवाल, पशुचिकित्सा महाविद्यालय, डा. सी.बी. सिंह द्वारा किया गया। परियोजनाधिकारी द्वारा सभी गोपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।

किसान चौपाल के दौरान गौ–पालकों की समस्याओं के समाधान के साथ–साथ 15 बछियों का स्वास्थ्य निरीक्षण कर उपचार किया गया। बछियों का स्वास्थ्य निरीक्षण डा. मोहित महाजन द्वारा किया गया। किसान चौपाल में परियोजना अधिकारी, डा. चन्द्र भान सिंह द्वारा परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशुपालकों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। परियोजना टीम के सदस्यों द्वारा पशुपालकों को सम्बोधित करते हुए पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने के लिए पशुपालकों का आह्वान किया गया। शिविर का संचालन वरिष्ठ शोध अध्येता, शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। गौ–पालकों का पंजीकरण एवं धन्यवाद प्रस्ताव कुमारी अराधना फुलार द्वारा किया गया। शिविर में 21 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

किसान चौपाल में पशुपालकों को जानकारी देते वैज्ञानिक।